**सुविचार**

एक इंसान को अपने नश्वर शरीर के बजाय ईश्वर से प्रेम करना चाहिए और सत्य और धर्म से प्यार करना चाहिए।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 59 | पंचकूला। रविवार, 5 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


# इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और सीवरेज को मजबूती, फरीदाबाद के विकास को मिली नई दिशा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फरीदाबाद.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फरीदाबाद में आयोजित धन्यवाद एवं विकसित फरीदाबाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में फरीदाबाद में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योग, स्मार्ट सिटी, मेट्रो विस्तार और डिजिटल सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने शहर के समग्र विकास को नई गति देते हुए 120 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से चार महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रेस्ट हाउस के निर्माण पर 50 करोड़ 61 लाख रुपये, डिस्पेंसरी-सह-सीएमओ कार्यालय के निर्माण पर 41 करोड़ 70 लाख रुपये, विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य पर 25 करोड़ रुपये तथा ओल्ड फरीदाबाद में स्कूल भवन निर्माण पर 3 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील : उन्होंने कहा कि सरकार फरीदाबाद को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने स्वच्छता शुभंकर और स्वच्छता कॉमिक का अनावरण किया तथा नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार विकास और जनहित की बात करती है, तो विपक्ष के कुछ नेताओं को यह रास नहीं आता और वे केवल भ्रम फैलाने तथा झूठे वादों की राजनीति करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी में कमी कर जनता को राहत देने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी नेता वैश्विक परिस्थितियों के समय भी सस्ती राजनीति कर जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा कर रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और




रसोई गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा प्रदेश के 4,032 पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचने की अपील की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, फसलों की एमएसपी पर खरीद, फसल मुआवजा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत-चिरायु योजना, मुफ्त डायलिसिस तथा बिना पर्ची-खर्ची सरकारी नौकरियां जैसी योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में भी किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों और गरीबों के लिए अनेक बड़े निर्णय लिए गए हैं। इनमें हरियाणा एग्री डिस्कॉम, न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी, 3 लाख लखपति दीदी, 4 हजार नए राशन डिपो, अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण और मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत नए प्लॉट आवंटन जैसे निर्णय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित फरीदाबाद केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक व्यापक विजन है, जिसमें हर नागरिक को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उच्च जीवन स्तर उपलब्ध होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद का विकास किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा।

**सीएम घोषणाओं और संकल्प पत्र के वादों पर तेजी से काम**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस क्षेत्र में पिछले साढ़े 11 वर्षों में 44 सीएम घोषणाएं की गईं, जिनमें से 24 पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष पर तेजी से कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। इसी का प्रमाण है कि संकल्प पत्र के 217 में से 60 वादे डेढ़ वर्ष में पूरे कर दिए गए हैं और बाकी पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को हरियाणा 'विकसित हरियाणा' के माध्यम से साकार कर रहा है। डबल इंजन सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारा है।

## एक नजर

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, अटल टनल बंद

**नई दिल्ली.** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। हिमाचल की राजधानी शिमला में भी शनिवार को तेज तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। राजस्थान में शुक्रवार को रेगिस्तानी जिले जैसलमेर-बीकानेर में जमकर ओले गिरे। अजमेर-ब्यावर में आंधी से पेड़ गिर गए और टीनशेड उड़ गए। अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश की कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 36 जिलों में बारिश हुई, आज ओले गिरने की आशंका है।

### पश्चिम बंगाल में बनाए जाएंगे 4660 सहायक मतदान केंद्र: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिये हैं। सहायक मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे जहां मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केंद्र 1200 से अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में 321 मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके पहले निर्धारित स्थानों से दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा। आयोग की ओर से शनिवार को दी गयी जानकारी के अनुसार सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना के साथ ही राज्य में इस बार कुल मतदान केंद्र 85379 हो जाएंगे। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इस संबंध में प्रशासन को आवश्यक निर्देश दे दिये हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना और स्थानांतरित मतदान केदों के बारे में संबंधित मतदाताओं को घर-घर जाकर अवगत कराया जाना चाहिए। इस संबंध में व्यापक प्रचार किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे। वहीं, मतगणना चार मई को होगी।

### ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास अटैक

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजराइल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया। इजराइल के सुरक्षा सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि ये हमले उसकी वायुसेना ने किए हैं। इस हमले में तीन कंपनियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में पांच लोग घायल हुए हैं। ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है। इनमें एक एफ-35 फाइटर जेट और दूसरा -10 अटैक एयरक्राफ्ट है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिरने वाला पहला फाइटर जेट एफ-35 नहीं बल्कि एफ-15ई है। वहीं, ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा कि हम युद्ध में हैं। उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया एनबीसी से एक फोन इंटरव्यू में कही। वहीं, ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया आईआरआईबी के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे।

### वैश्विक संकटों से भारत मजबूती से उबर रहा है : एस. जयशंकर

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत ने हाल के वैश्विक झटकों का मजबूती से सामना किया है। उन्होंने यह बात पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके आर्थिक असर के संदर्भ में कही। एस. जयशंकर ने आईआईएम रायपुर के दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में कहा कि बढ़ते वैश्विक तनाव के माहौल के बावजूद भारत ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की चुनौतियों को काफी हद तक सफलतापूर्वक संभाला है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी क्षेत्र में होने वाले संघर्ष का असर सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वैश्वीकरण के कारण उसका प्रभाव दुनिया के अन्य हिस्सों में भी महसूस किया जाता है। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि हाल के समय में कई वैश्विक झटकों ने हमारी मजबूती की परीक्षा ली है और भारत इनसे मजबूती के साथ बाहर निकला है। मंत्री ने यह भी बताया कि फरवरी में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद पश्चिम एशिया में पैदा हुआ संकट वैश्विक ईंधन सप्लाई चेन को प्रभावित कर रहा है।

## हरियाणा सरकार ने एचआईवी/एड्स नियंत्रण को मजबूत करने के लिए उठाए ठोस कदम

# 47.16 करोड़ का बजट प्रस्तावित, पंचकूला में दूसरी वायरल लोड लैब होगी स्थापित

- गर्भवती व उनके जीवनसाथियों की एचआईवी व सिफलिस की संयुक्त जांच

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा में एचआईवी/एड्स के खिलाफ लड़ाई को तेज करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में आज हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (HSACS) की 23वीं कार्यकारी समिति की बैठक हरियाणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में बजट प्रावधान, तकनीकी, जांच सेवाओं के विस्तार तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2026-27 के लिए 47.16 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। समिति ने वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दी, जिसका कुल परिव्यय 47.16 करोड़ रुपये से अधिक है। इस बजट में लक्षित हस्तक्षेप और लिंक वर्कर स्कीम के लिए 16.45 करोड़ रुपये, ICTC/BSD सेवाओं के लिए 10.90 करोड़ रुपये, संस्थागत सुदृढ़ीकरण के लिए 6.22 करोड़ रुपये, देखभाल, सहयोग एवं उपचार के लिए 4.68 करोड़ रुपये, विभिन्न गतिविधियों के लिए 3.75 करोड़ रुपये तथा STI सेवाओं के लिए 1.52 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में दूसरी एचआईवी वायरल लोड लैब को मंजूरी मिल चुकी है, जिसे एक माह के भीतर पंचकूला में शुरू किया जाएगा। वर्तमान में पीजीआईएमएस रोहतक स्थित एकमात्र लैब 17 जिलों को सेवाएं दे रही है, जबकि 5 जिले नई दिल्ली स्थित IHBAS से जुड़े हुए हैं। पंचकूला में नई लैब के शुरू होने के साथ, जिलों को तीन वायरल लोड लैब के बीच पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा — जिससे जांच रिपोर्ट मिलने में लगने वाला समय कम होगा। इसके अतिरिक्त, कैथल, हिसार, पानीपत और फरीदाबाद में चार नई CD4 मशीनें स्थापित की गई हैं, जो जल्द ही चालू हो जाएंगी। इससे PLHIV की निगरानी और देखभाल के लिए राज्य में बुनियादी ढांचे को और अधिक मज़बूती मिलेगी। करनाल के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं पंचकूला के सिविल अस्पताल में नई ष्टष्ठ4 लैब स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत सभी गर्भवती महिलाओं के साथ उनके जीवनसाथियों की भी एचआईवी और सिफलिस की एक साथ जांच करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।NACO के संशोधित अनुमान के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए हरियाणा में 5,95,880 जांच का लक्ष्य निर्धारित है। इस नई पहल के तहत प्रति वर्ष लगभग 12 लाख संयुक्त जांच की आवश्यकता होगी, जिससे एचआईवी और सिफलिस के मातृ-से-शिशु संक्रमण को लगभग शून्य तक लाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित वेब-आधारित प्लेटफॉर्म विकसित करने को मंजूरी दी गई है, जिसके माध्यम से वॉइस मैसेज, एसएमएस अलर्ट और फॉलो-अप रिमाइंडर भेजे जाएंगे। इससे उपचार में निरंतरता बनी रहेगी और मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा सकेगी। बैठक में एचआईवी जांच और उपचार से जुड़े क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभाग 95-95-99 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत 95 प्रतिशत संक्रमित व्यक्तियों की पहचान, 95 प्रतिशत को समय पर उपचार से जोड़ना और 99 प्रतिशत मरीजों में वायरल लोड को नियंत्रित करना शामिल है। इस दिशा में जागरूकता अभियान, जांच सेवाओं का विस्तार, ञ्जञ्ज प्रणाली को मजबूत करना तथा नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे न केवल मरीजों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि नए संक्रमणों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। डॉ. सुमिता मिश्रा ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि जागरूकता ही सामाजिक कलंक को खत्म करने और समय पर पहचान सुनिश्चित करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक—चाहे वह औपचारिक क्षेत्र में हो या गिग वर्कर—तक पहुंच बनाना आवश्यक है। बैठक में श्रम एवं उद्योग विभाग को सभी बड़े संस्थानों में एचआईवी/एड्स कार्यस्थल नीति लागू करने और ष्टस्क्र गतिविधियों में एचआईवी रोकथाम को शामिल करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने शिक्षा विभाग को सभी सरकारी एवं निजी कॉलेजों में रेड रिबन क्लब स्थापित करने, स्कूलों में किशोर शिक्षा कार्यक्रम लागू करने पर जोर दिया गया।



### सबतों महंगी है मासूमियत और 'मेहनत चढ़नी नहीं' पर झूमे लोग

पंचकूला। हेरिटेज टूर ऑफ इंडिया के तहत शनिवार शाम सेक्टर-5 स्थित दशहरा ग्राउंड सूफियाना संगीत की मधुर धुनों से सराबोर हो गया। मशहूर सूफी गायक सतिंद्र सरताज के लाइव कॉन्सर्ट को सुनने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े, जिससे पूरा मैदान खचाखच भरा नजर आया। शाम ढलते ही जैसे ही सरताज ने मंच संभाला, माहौल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। अपने विशिष्ट सूफियाना अंदाज, गहराई से भरे बोल और मधुर आवाज के जरिए उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सरताज ने अपने आध्यात्मिक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि उनका इंद्र देव से विशेष संबंध है और उन्हीं की कृपा से ऐसे भव्य आयोजन संभव हो पाते हैं। उनके इस भावपूर्ण वक्तव्य ने कार्यक्रम में एक अलग आध्यात्मिक रंग भर दिया।

## कलयुग में हरि नाम से ही होती है मोक्ष की प्राप्ति : साक्षी गोपाल

- पंचकूला में श्रीमद्भागवत कथा अमृत का भव्य शुभारंभ

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** श्री कृष्णा प्रचार समिति एवं इस्कॉन कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा अमृत का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कथा व्यास के रूप में इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमन साक्षी गोपाल दास जी श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। उन्होंने अपने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के पापों का नाश होता है और जीवन सफल बनता है। उन्होंने



भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि कलयुग में हरे कृष्ण महामंत्र का जाप ही मोक्ष का सरल मार्ग है। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल श्री हरि नाम संकीर्तन से ही मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है। आयोजन के दौरान हरे कृष्ण संकीर्तन और भजन-कीर्तन का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। प्रेस सचिव के.के. भसीन ने बताया कि कथा 12 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 5ः30 बजे से रात 9ः00 बजे तक आयोजित होगी। साथ ही, प्रतिदिन सुबह नगर संकीर्तन भी निकाला जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल को प्रातः 6 बजे सेक्टर-15 से विशेष नगर संकीर्तन निकाला जाएगा, जबकि 10 अप्रैल को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन कथा के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रविंद्र चौहान, सुरेंद्र गर्ग, धर्मपाल बंसल, कृष्ण गोयल, राज गोविंद दास, नीरज गोयल एवं अहोवलम नरसिंह दास सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा है। आयोजकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ उठाएंगे।

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रयासों से ट्रांसपोर्ट एरिया में विकास कार्यों को मिली गति, गवर्नर के निर्देशों पर चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा एक्शन मोड में

# जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और जल निकासी सुधार के निर्देश

- मानसून से पहले सभी कार्य पूरे करने का आश्वासन
- जलभराव और आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** ट्रांसपोर्ट एरिया में लंबे समय से लंबित बुनियादी समस्याओं के समाधान को लेकर चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (सी.टी.ए) के निरंतर और संगठित प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। सी.टी.ए की पहल के चलते चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के गवर्नर द्वारा ट्रांसपोर्ट एरिया का एक से अधिक बार दौरा किया गया, जो क्षेत्र की समस्याओं



के प्रति प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है।दौरे के दौरान ट्रांसपोर्टरों ने अपनी प्रमुख मांगों और समस्याओं को विस्तार से गवर्नर के समक्ष रखा। हालात का जायजा लेने के बाद गवर्नर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट एरिया की स्थिति में तत्काल सुधार लाया जाए और सभी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।गवर्नर द्वारा जिन प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, उनमें ट्रक ड्राइवरों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त रैन बसेरे का उन्नयन, स्वच्छ एवं किफायती कैंटीन की व्यवस्था, दैनिक दिनचर्या के अनुरूप व्यायाम एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण, ट्रांसपोर्ट एरिया में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, ड्राइवरों के विश्राम हेतु शेड तथा धर्म कांटे की व्यवस्था शामिल हैं।इन निर्देशों के अनुपालन में चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने पदभार ग्रहण करते ही ट्रांसपोर्ट एरिया का विस्तृत निरीक्षण किया। उनके साथ हॉर्टिकल्चर सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर कृष्णपाल सिंह, इलेक्ट्रिकल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कुलदीप, हॉर्टिकल्चर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रितपाल सिंह के अलावा पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ बलराज एवं जेई संदीप सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने ट्रांसपोर्ट एरिया के विभिन्न हॉटस्पॉट का बारीकी से जायजा लेते हुए कार्यों को युद्ध स्तर पर तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े पानी के नलों, जर्जर सड़कों, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आधारभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश जारी किए।सी.टी.ए अध्यक्ष जसवीर सिंह गिल, पूर्व अध्यक्ष के.के. अबरोल और उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट एरिया के समग्र विकास के लिए लंबे समय से निरंतर प्रयास किए जा रहे थे, जिनका सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहा है। उन्होंने चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा की कार्यशैली, तत्परता और जमीनी स्तर पर कार्य करने की प्रतिबद्धता की सराहना की।इस अवसर पर चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने आश्वासन दिया कि ट्रांसपोर्ट एरिया में चल रहे सभी विकास कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आगामी मानसून से पूर्व सड़कों, नालों एवं अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर लिया जाएगा, ताकि जलभराव एवं आवागमन से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।निरीक्षण के दौरान मुनिसपल कॉरपोरेशन चंडीगढ़ के अन्य अधिकारी, सी.टी.ए के वरिष्ठ सदस्य तथा क्षेत्र के प्रमुख ट्रांसपोर्टर भी उपस्थित रहे। सभी ने ट्रांसपोर्ट एरिया के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर जमीनी स्थिति का आकलन किया तथा समस्याओं के समाधान हेतु अपने सुझाव भी साझा किए।इस दौरान सी.टी.ए के पदाधिकारियों में तरसेम पुरी, बलदीप सिंह लक्की, जीत राम, रामपाल, सतेंद्र सिंह, नवीन शर्मा, सविंदर शर्मा, गुलशन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राघव चड्ढा ने पंजाब की जनता और आम आदमी पार्टी को दिया धोखा : चीमा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को डिप्टी लीडर के पद से हटाए जाने पर पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा। पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, जब भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी को निशाना बनाया, तब राघव चड्ढा ने कभी भी पार्टी का समर्थन नहीं किया। सभी जानते हैं कि भाजपा ने हमारे पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ झूठा केस गढ़ा था। इसके बावजूद राघव चड्ढा विदेश चले गए। पंजाब के लिए लोगों ने राघव को राज्यसभा के लिए चुना था लेकिन उन्होंने संसद में जीएसटी राजस्व घाटे या पंजाब को हुए वित्तीय नुकसान से संबंधित एक भी मुद्दा नहीं उठाया। जब पंजाब में बाढ़ आई और प्रधानमंत्री मोदी समेत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दौरा किया और वित्तीय सहायता की घोषणा की, तब भी पंजाब सरकार के खजाने में एक भी रुपया नहीं पहुंचा। यहां तक कि जब हमने उनसे प्रधानमंत्री के समक्ष यह मुद्दा उठाने का आग्रह किया, तब भी वे चुप रहे। चीमा ने कहा, पंजाब के लोगों और आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को सम्मान दिया लेकिन उन्होंने धोखा दिया। ये बर्दाश्त नहीं होगा क्योंकि पंजाब जब भीषण बाढ़ से जूझ रहा था, तभी उन्होंने संसद में ये मुद्दा उठाने से गुरेज किया। इससे साफ पता चलता है कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों के साथ नहीं थे, वो किसी और पार्टी की नीति से सहमत थे। चीमा ने कहा, देश की संसद में राघव चड्ढा की छवि पूरी तरह से खराब हो गई थी। उन्हें सीधे प्रधानमंत्री से बात करनी चाहिए थी और पंजाब के लोगों की चिंताओं को उठाना चाहिए था, जिनमें पंजाब के आरडीएफ फंड से जुड़े मुद्दे भी शामिल थे। पूरा देश जानता है कि भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब और उसकी जनता को धोखा दिया है। कम से कम राघव चड्ढा को इस धोखे के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए थी। वह देश की पार्लियामेंट में कंप्रोमाइज थे। पंजाब के मंत्री ने कहा, हमारी माताओं और बहनों को सम्मानित करने वाली 1,000 और 1,500 रुपए की योजना की अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है, बजट आवंटित हो चुका है और इसका कार्यान्वयन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

### पंजाब में संसदीय सीटों के परिसीमन पर सर्वसम्मति बनाई जाए: वड़िंग

**चंडीगढ़.** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने देशभर में प्रस्तावित संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर पंजाब में सभी राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने की मांग की है। यहां जारी एक बयान में, वड़िंग ने कहा कि भारत सरकार ने 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। उन्होंने कहा कि हालांकि आधिकारिक एजेंडा महिला आरक्षण बिल में संशोधन करना है, लेकिन ऐसी भी खबरें हैं कि सरकार देशभर में विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित बिल भी पारित कर सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब समेत कई अन्य राज्य इस कदम से नुकसान में रहेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादा जनसंख्या वाले राज्य जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार को इसका बड़ा लाभ मिलेगा, जबकि पंजाब को कुल मिलाकर नुकसान उठाना पड़ेगा। वड़िंग ने खुलासा किया कि रिपोर्टों के अनुसार सरकार संसद और विधानसभा सीटों में लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। उन्होंने जोर देते हुए, कहा कि राज्य विधानसभाओं में इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन संसद में छोटे राज्यों के लिए यह नुकसानदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावों के अनुसार पंजाब से सांसदों की संख्या 20 हो सकती है, जबकि उत्तर प्रदेश की संख्या 120 तक पहुंच सकती है। इससे संसद में बड़े राज्यों को अधिक लाभ मिलेगा। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि इसके राज्य पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास प्रभावी संसदीय ताकत नहीं रहेगी, तो हमें नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से एकजुट होकर इस मुद्दे पर रणनीति बनाने और किसी भी ऐसे कदम का सामूहिक रूप से विरोध करने की अपील की है।

### गुरदासपुर में पाकिस्तानी ड्रोन से भेजी गई हेरोइन जब्त, सीमा सुरक्षा बल की बड़ी सफलता

**गुरदासपुर।** पंजाब के गुरदासपुर में पाकिस्तान से हेरोइन भेजने का मामला सामने आया है। रावी दरिया के पार स्थित गांव भरियाल में बीएसएफ ने खेतों में तलाशी के दौरान एक ड्रोन और उसके साथ बंधा हेरोइन का पैकेट बरामद किया। बीएसएफ चौकी भरियाल ने एक गुप्त सूचना मिलने के बाद तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया और उसी दौरान ड्रोन और हेरोइन का पैकेट बरामद किया। बरामद हेरोइन और ड्रोन की सामग्री संबंधित थाना बहिरामपुर की पुलिस के सुपुर्द कर दी गई है। फिलहाल पुलिस और बीएसएफ ने आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बरामद हेरोइन का कुल वजन कितना है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पूरी जानकारी मिलने के बाद ही मीडिया को सूचित किया जाएगा। पाकिस्तान लगातार नाकाम रहने के बावजूद ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थ और हथियार भारत भेजने की कोशिश कर रहा है। बीएसएफ और स्थानीय पुलिस लगातार सीमा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इस बार भी भरियाल के खेतों में मिली सूचना ने समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। गुरदासपुर जिला प्रशासन और बीएसएफ ने बताया कि ड्रोन के जरिए हेरोइन की तस्करी रोकना उनकी प्राथमिकता है। सीमा पार से भेजी जाने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए लगातार गश्त और सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने किया बठिंडा के एडवांस्ड कैंसर इंस्टीट्यूट का दौरा, सुविधाओं और मरीजों की देखभाल का लिया जायजा

# एडवांस्ड कैंसर इंस्टीट्यूट को नवीनतम सुविधाओं वाले विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा : मुख्यमंत्री भगवंत मान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**बठिंडा.** पंजाब में कैंसर देखभाल को अपग्रेड करने के लिए निर्णायक प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बी.एफ.यू.एच.एस.) में एडवांस्ड कैंसर इंस्टीट्यूट का अचानक निरीक्षण किया और उन्होंने बुनियादी ढांचे, तकनीकी तथा मानव संसाधन के व्यापक सुधार के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इलाज के मानकों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। परिवर्तन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि संस्थान को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत सुविधाओं की शुरुआत की जाएगी और स्टाफ की भर्ती को मजबूत करने के लिए तुरंत कदम उठाए



जाएंगे, जिसका उद्देश्य मालवा क्षेत्र में मरीजों की देखभाल को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

अस्पताल के अचानक दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने संस्थान के कामकाज का जायजा लिया और जमीनी हकीकतों का मूल्यांकन करने तथा तुरंत ध्यान देने वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए मुख्य हितधारकों से बातचीत की। उन्होंने जोर देकर कहा, 'इस दौरे का उद्देश्य संस्थान को समर्थन देना और मजबूत करना है, न कि कमियों को ढूंढना। दौरे का व्यापक उद्देश्य इसे पूरे राज्य के लिए प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल केंद्र में बदलना है।'

मुख्यमंत्री ने पुष्टि की, 'बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बी.एफ.यू.एच.एस.) में एडवांस्ड कैंसर इंस्टीट्यूट विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस होगा। यह अस्पताल पहले से ही मालवा क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है और हमारी कोशिश है कि इसे पूरे पंजाब में अग्रणी स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में और मजबूत किया जाए।' इलाज के तरीकों को आधुनिक बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने आगे कहा, 'इस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के लिए जल्द से जल्द जरूरी कदम उठाए जाएंगे और इसमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।' स्टाफ की चिंताओं पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अस्पताल इस समय स्टाफ की कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने तुरंत कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे पता चला है कि अस्पताल में स्टाफ की कमी है, इसलिए बड़े जनहित में अतिरिक्त स्टाफ की भर्ती के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।' पंजाब सरकार की सुलभ स्वास्थ्य देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'आयुष्मान कार्ड धारक और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी इस सर्वोत्तम कैंसर केयर अस्पताल में इलाज के हकदार हैं। पंजाब सरकार राज्य के सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

**दौरे का उद्देश्य खामियां ढूंढना नहीं बल्कि इस संस्थान को राज्य भर में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में विकसित करना है**

लगातार अपग्रेडेशन की जरूरत पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'इस दौरे का उद्देश्य खामियां ढूंढना नहीं है, बल्कि इस संस्थान को राज्य भर में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में विकसित करना है। दौरे के दौरान मैंने इस महत्वपूर्ण संस्थान की जमीनी हकीकतों और जरूरतों से अवगत कराने के लिए सभी मुख्य हितधारकों से बातचीत की।' मरीजों के इलाज को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि संस्थान में कई जरूरी सुविधाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा, 'कई सुविधाएं शुरू करके मरीजों की सेहत सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। इस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी भी शुरू की जाएगी ताकि मरीजों को बड़े स्तर पर लाभ पहुंच सके।'

## डॉ. रवजोत सिंह ने जेल विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की, जेल सुपरिंटेंडेंट्स के साथ की बैठक

**होशियारपुर.** पंजाब के संसदीय मामलों, एनआरआई मामलों एवं जेल मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने होशियारपुर के जिला प्रशासनिक परिसर में सभी जेल सुपरिंटेंडेंट्स की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अरुण पाल सिंह, आईपीएस, एडीजीपी जेल, श्री सुरिंदर पाल सिंह मंड, आईपीएस, डीआईजी जेल (फिरोजपुर और पटियाला रेंज), सुखमंदर सिंह मान, आईपीएस, डीआईजी जेल (अमृतसर रेंज) तथा मनमोहन कुमार, डीआईजी मुख्यालय सहित सभी जेल सुपरिंटेंडेंट्स और जेल मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित थे। यह बैठक जेल अधिकारियों के साथ प्रारंभिक परिचय हेतु आयोजित की गई थी, जिसके दौरान जेल मंत्री को विभाग की समग्र कार्यप्रणाली और प्रमुख पहलों के बारे में अवगत कराया गया। इनमें जेलों में भीड़भाड़ तथा उच्च जोखिम वाले कैदियों के प्रबंधन जैसी चुनौतियों से निपटने के उपाय शामिल हैं। जेल मंत्री को प्रस्तावित 'पंजाब प्रिज़न्स एंड करेक्शनल सर्विसेज बिल' और 'पंजाब गुड कंडक्ट प्रिजनर्स बिल' के बारे में भी जानकारी दी गई, जो वर्तमान में पंजाब सरकार के विचाराधीन हैं।

इसके अतिरिक्त, विभाग के पुनर्गठन से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई, जिनमें राज्य की सभी जेलों में कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त पदों की आवश्यकता शामिल है। कैबिनेट मंत्री ने जेल सुपरिंटेंडेंट्स द्वारा उठाए गए मुद्दों को भी ध्यानपूर्वक सुना, जिनमें स्टाफ की कमी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की कार्यप्रणाली, जेलों में शौचालयों की मरम्मत और आवासीय कॉलोनियों के रखरखाव जैसी चिंताएं शामिल थीं। इस अवसर पर जेल मंत्री को चल रही और भविष्य की अवसंरचना परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिनमें लुधियाना में हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण तथा पटियाला में महिला ओपन जेल की स्थापना के प्रस्ताव शामिल हैं। जेल मंत्री ने दोनों परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया ताकि इन्हें जल्द से जल्द चालू किया जा सके।

अपने संबोधन में डॉ. रवजोत सिंह ने अधिकारियों को ईमानदारी, परिश्रम और बिना किसी दबाव के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जेलों में गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए और अधिक सख्त प्रयास करने तथा कैदियों के सुधार और पुनर्वास प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

## 'विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए पंजाब पूरी तरह तैयार'

**चंडीगढ़.** पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने आज बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर अभ्यास के लिए कार्यक्रम अधिसूचना जारी होने से पहले सभी प्रारंभिक गतिविधियां एक व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से की जा रही हैं।

अब तक की प्रगति के बारे में उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में एक व्यापक प्री-एसआईआर मैपिंग अभियान चलाया गया है। 4 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे तक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में 74.27 प्रतिशत मतदाताओं की विशेष गहन पुनरीक्षण रिकॉर्ड्स के साथ मैपिंग की गई है। कुल 2,14,57,521 मतदाताओं में से राज्य भर में 1,59,36,941 मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है।

प्री-एसआईआर अभ्यास को समय पर और सुचारू रूप से पूरा करने के लिए मुख्यालय स्तर पर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा प्रगति की दैनिक निगरानी की जा रही है, जिससे नजदीकी पर्यवेक्षण और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाया है।

जिला-वार विवरण देते हुए मित्रा ने कहा कि तरनतारन (88.64 प्रतिशत), मोगा (86.91 प्रतिशत), श्री मुक्तसर साहिब (85.47 प्रतिशत) और मानसा (84.20 प्रतिशत) जैसे जिलों में सबसे अधिक मैपिंग प्रतिशत दर्ज किया गया है।

लुधियाना (64.14 प्रतिशत), अमृतसर (75.60 प्रतिशत), जालंधर (68.05 प्रतिशत) और पटियाला (69.33 प्रतिशत) सहित अन्य प्रमुख जिलों में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

**हेल्पलाइन और नागरिक सहायता**

मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य/जिला संपर्क केंद्र पर टोल-फ्री नंबर 1950 स्थापित किया गया है। यह हेल्पलाइन नंबर कार्यदिवसों में सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक सक्रिय रहेगा। नागरिक इस नंबर के माध्यम से अपनी शिकायतें भी दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा, मतदाता ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' सुविधा का उपयोग करके वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मित्रा ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य सही, समावेशी और अद्यतन मतदाता सूचियों को सुनिश्चित करना है, जो एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली की नींव होती हैं। उन्होंने कहा कि शैड्यूल नोटिफाइड होते ही पंजाब एसआईआर अभ्यास के सुचारू कार्यान्वयन के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 10,000 रिश्वत लेते नायब कोर्ट को विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया



**चंडीगढ़.** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में चल रही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के दौरान लुधियाना अदालत में नायब कोर्ट के रूप में तैनात सहायक सब-इंस्पेक्टर तरलोचन सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को चंडीगढ़ रोड, लुधियाना के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ एक केस दर्ज था और गिरफ्तारी के दौरान शिकायतकर्ता की लाइसेंसी पिस्तौल भी पुलिस ने कब्जे में ले ली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसका लाइसेंसी पिस्तौल वापस दिलाने से संबंधित केस में मदद करने के बदले आरोपी नायब कोर्ट ने 10,000 रुपये रिश्वत और स्केचर्स जूते की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत और स्केचर्स जूते मांगने वाली पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता रिश्वत देने या किसी भी अन्य गैर-कानूनी तरीके का सहारा लेने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने आरोपी नायब कोर्ट को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत राशि और स्लेटी रंग के स्केचर्स जूते लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## रंगले पंजाब के सपने की ओर बड़ा कदम : डेराबस्सी में नए पार्कों का उद्घाटन



**जीरकपुर.** 'रंगला पंजाब' के सपने को साकार करने की की दिशा में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर विकास कार्य लगातार तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत हल्का विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा नगर काउंसिल डेराबस्सी के सहयोग से वार्ड नंबर 13 के साधू नगर में ?50 लाख तथा आदर्श नगर में ?30 लाख की लागत से तैयार किए गए आधुनिक पार्कों का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर नगर काउंसिल की प्रधान आशु उपनेजा, जो वार्ड की एम.सी. भी हैं, सहित स्थानीय वार्ड निवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उद्घाटन के दौरान विधायक रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर वादे को जमीन पर लागू कर लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि हल्का डेराबस्सी में सड़कों का निर्माण व मरम्मत, गलियों-नालियों का सुधार, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स, आम आदमी क्लीनिक, सरकारी स्कूलों का उन्नयन तथा खेल मैदानों का विकास जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट तेजी से पूरे किए जा रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि पंजाब सरकार द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को मुफ्त इलाज और जांच की सुविधा मिल रही है, जबकि स्कूल ऑफ एमिनेंस और स्कूल ऑफ हैप्पीनेस के जरिए विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जा रही है। नए तैयार किए गए पार्कों के बारे में उन्होंने कहा कि ये पार्क केवल मनोरंजन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन पार्कों में बच्चों के लिए आधुनिक खेल उपकरण, बैठने की सुविधाएं और हरित वातावरण की सुंदर व्यवस्था की गई है।

## दिल की बीमारियों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज : डा. बलबीर सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़.** पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' राज्य में स्वास्थ्य सुरक्षा की एक अहम पहल के रूप में उभर रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गंभीर बीमारियों और आपातकालीन स्थितियों में आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हुआ है। दिल का दौरा, कैंसर और जन्म संबंधी जटिलताओं जैसी बीमारियां अक्सर बिना किसी चेतावनी के सामने आती हैं, जिनमें समय पर इलाज न मिलने से स्थिति गंभीर हो सकती है। ऐसे में यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है।

पंजाब सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रह जाए। इस योजना के अंतर्गत सरकारी और निजी अस्पतालों में 2,300 से अधिक बीमारियों का इलाज कवर किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चलाई जा रही इस पहल का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं और आम जनता के बीच की दूरी को कम करना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कई गंभीर बीमारियां लंबे समय तक बिना लक्षणों के विकसित होती रहती हैं और अचानक गंभीर रूप ले लेती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दिल की बीमारी, कैंसर, डायबिटीज और सांस संबंधी रोग वैश्विक स्तर पर लगभग 75 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में समय पर जांच और इलाज बेहद जरूरी है। मोहाली के जिला अस्पताल की मेडिकल ऑफिसर डॉ. ईशा अरोड़ा के अनुसार, अधिकांश मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। शुरुआती जांच और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की कमी इसके प्रमुख कारणों में से एक है। आपातकालीन परिस्थितियों में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टरों के अनुसार, दिल के दौरे या स्ट्रोक के मामलों में कुछ मिनटों की देरी भी गंभीर परिणाम दे सकती है। हालांकि, कई बार मरीज और उनके परिवार इलाज शुरू करने से पहले खर्च को लेकर चिंतित हो जाते हैं, जिससे अनावश्यक देरी हो जाती है। 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' इस मानसिक और आर्थिक बाधा को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे मरीजों को बिना हिचकिचाहट के तुरंत इलाज मिल सके। इस योजना का प्रभाव राज्यभर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अब तक 33 लाख से अधिक परिवारों को इसमें शामिल किया जा चुका है और लाखों मरीजों को विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए मुफ्त इलाज मिल चुका है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 1.98 लाख से अधिक इलाजों को मंजूरी दी गई है, जिनकी कुल लागत 3,300 करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से एक बड़ी राशि अस्पतालों को वितरित भी की जा चुकी है। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों के लिए लाभकारी साबित हुई है, जिन्हें पहले महंगे इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ता था या अपनी संपत्ति बेचनी पड़ती थी। भारत में कुल स्वास्थ्य खर्च का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा लोगों को अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है, ऐसे में यह योजना आर्थिक सुरक्षा कवच के रूप में काम कर रही है। हालांकि, विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर अभी और ध्यान देने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जांच और शुरुआती स्क्रीनिंग की दर अभी भी काफी कम है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, ग्रामीण वयस्कों में से केवल एक चौथाई ने ही बुनियादी स्वास्थ्य जांच करवाई है, जबकि महिलाओं में कैंसर स्क्रीनिंग की दर 2 प्रतिशत से भी कम है।

**'गैंगस्टरां ते वार' का 74वां दिन**

## पंजाब पुलिस ने 551 स्थानों पर छापेमारी की, 245 गिरफ्तार

चंडीगढ़. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के 74वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 551 ठिकानों पर छापेमारी की।

गौरतलब है कि 'गैंगस्टरां ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं। 74वें दिन पुलिस टीमों ने चार हथियार बरामद करने के बाद 245 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 18,975 हो गई है। इसके अलावा 69 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई है, जबकि 72 व्यक्तियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान तीन भगौड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

## एक नजर

### वाहन स्वामियों के लिए सौगात बना 'गेट राइट' मोटर क्लब, दुर्घटना या चालान की हालत में कर रहा मदद

**हिसार।** वाहन स्वामियों को राहत देने वाली खबर है। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों की ओर से बनाया गया 'गेट राइट' मोटर क्लब अब उन वाहन स्वामियों की मदद कर रहा है जो दूसरे जिलों या दूसरे प्रदेश में जाकर दुर्घटना या चालान का शिकार हो जाते हैं। 'गेट राइट' मोटर क्लब पुलिस से संबंधित एक्सपर्ट का प्लेटफार्म है, जो वाहन स्वामियों की मदद कर रहा है। दूसरे जिलों या दूसरे प्रदेशों में जाकर चालान या दुर्घटना का शिकार होकर परेशानी झेलने वाले वाहन स्वामियों के लिए यह संस्था किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। 'गेट राइट' मोटर क्लब के सदस्य बनने वाले वाहन चालकों की सारी परेशानियों का हल उन्हीं क्षेत्रों में तैनात 'गेट राइट' मोटर क्लब के पदाधिकारी व सदस्य करवाते हैं। यदि कहीं बाहरी क्षेत्र में चालान हो गया हो तो वाहन स्वामी अपने पूरे कागजात 'गेट राइट' के नजदीकी कार्यालय में जमा करवाता है, उसके बाद 'गेट राइट' मोटर क्लब उस क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचित करेगी और उस क्षेत्र का पदाधिकारी उस चालान को डील करेगा, ऐसे में वाहन स्वामी वहां पर आने-जाने के झंझट से मुक्त हो जाता है। इसी तरह किसी दुर्घटना के मामले में भी उसी क्षेत्र का पदाधिकारी वाहन चालक की पुलिस थाने तक जाकर मदद करेगा। 'गेट राइट' के हरियाणा प्रभारी रिटायर्ड डीएसपी महेन्द्र सिंह ने बताया कि 'गेट राइट' मोटर क्लब रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के माध्यम से वाहन स्वामियों की मदद करता है। किसी क्षेत्र के थाने में व्यक्तिगत सहायता की जाती है और 365 दिन हेल्पलाइन की सुविधा उपलब्ध है। उनका कहना है कि बीमा केवल गाड़ी का होता है लेकिन 'गेट राइट' मोटर क्लब वाहन स्वामी की व्यक्तिगत रूप से मदद करता है। यही वजह है कि मात्र कम समय में ही 'गेट राइट' मोटर क्लब प्रति वाहन स्वामियों का रूझान बढ़ा है और आए दिन वाहन स्वामी 'गेट राइट' मोटर क्लब की सदस्यता ले रहे हैं।

### सुखमणी साहिब के पाठ के साथ गुरु नानक देव स्कूल,मॉडल टाऊन का नया सत्र शुरु

**हिसार.** गुरु नानक देव सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन के नये सत्र का शुभारंभ सुखमणी साहिब के पाठ से किया गया जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान और सदस्यों ने एक साथ पाठ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्कूल की प्रगति के लिए अरदास की गई। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान कृपाल सिंह बैंस ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए खासकर छोटे बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए क्लास रूम को नए सिरे से डिजाईन किया गया है और स्कूल भवन को भी नया रुप दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में उच्च योग्यता वाला स्टॉफ है, जो विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा देता है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य गुरु नानक देव की दी हुई शिक्षा अनुसार स्कूल से मुनाफा कमाना नहीं, अच्छी शिक्षा देना है। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य गुरविंदर सिंह हैप्पी, तेज सिंह, प्रगट सिंह, प्रिंसिपल अनीश सहगल आदि उपस्थित रहे।

### जैन कॉलोनी में यूएचबीवीएन कार्यालय खुलने पर निवासियों का विरोध

**यमुनानगर.** यमुनानगर के वार्ड नंबर 13 स्थित जैन कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी के भीतर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) के एक्सईएन, जोड़ियां कार्यालय के संचालन पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। निवासियों का कहना है कि जैन कॉलोनी एक पूर्णत: रिहायशी क्षेत्र है, जहां बिना कॉलोनीवासियों, विशेषकर आसपास के निवासियों की सहमति के एक सरकारी/वाणिज्यिक कार्यालय खोल दिया गया है। इसके चलते कॉलोनी में अनावश्यक भीड़-भाड़ बढ़ रही है, वाहनों की आवाजाही में इज़ाफा हो रहा है, पार्किंग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है तथा क्षेत्र की शांति और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। इस मुद्दे पर आपत्ति जताने वालों में प्रमुख रूप से वरिंदर मेहंदीरत्ता, रवि, राजू तनेजा, मदन अनेजा, सोमनाथ, संजीव, राजेश गाबा, सतपाल शर्मा एवं कई मौजिज निवासी शामिल हैं। सभी निवासियों का कहना है कि इस प्रकार का कार्यालय रिहायशी क्षेत्र में खोलना नियमों के विरुद्ध है और इससे कॉलोनी का शांतिपूर्ण वातावरण बिगड़ रहा है।निवासियों ने इस संबंध में स्थानीय विधायक घनश्याम अरोड़ा जी को भी शिकायत सौंप दी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

### अधिकारी जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों का करें समाधान: डीसी

**भिवानी.** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों के समाधान करने को कहा। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश ने वीसी के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी श्री गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रगति रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन करें और निर्धारित नए प्रारूप में एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड जरूर करें। उन्होंने लंबित समस्याओं की समीक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाए। यदि कोई शिकायत सही मिलती है तो उस पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जबकि अपूर्ण या असत्य पाए जाने वाली शिकायतों को ही उचित कारण दर्ज करते हुए निरस्त किया जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत को निरस्त करते समय स्पष्ट कारण दर्ज करना अनिवार्य है ताकि कोई भी समस्या बार-बार री-ओपन ना हो। उन्होंने कहा कि इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और अनावश्यक लंबित मामलों में कमी होगी।

### तिरुपति धाम में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

**हिसार.** अध्यात्मक व सामाजिक सरोकारों के पोषक तिरुपति बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तिरुपति धाम के अर्चकों ने पूरे विधि-विधान से महाभिषेक करके पूजा-अर्चना की और फिर भव्य श्रृंगार आरती करते हुए जनकल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं में तीर्थ-गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित प्रसिद्ध तिरुपति धाम में हनुमान जन्मोत्सव के लिए हनुमान मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचे गोपुरम के ठीक सामने हनुमान का मंदिर स्थापित किया गया है। भगवान वेंकटेश, पद्मावती माता व गोदांबा माता के मंदिरों की भांति हनुमान के मंदिर के प्रति भी श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है।

# विपक्ष का केवल एक एजेंडा, झूठ बोलो और जनता को गुमराह करोः सीएम नायब सैनी

**मुख्यमंत्री ने धन्यवाद एवं विकास रैली को किया संबोधित, पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं, विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम से सावधान रहें नागरिक**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**सफीदों.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विपक्ष के पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही कोई विजन है। विपक्ष का केवल एक एजेंडा है- भ्रम फैलाओ, झूठ बोलो और जनता को गुमराह करो। जब सच्चा विकास होता है तो झूठ की राजनीति करने वालों को तकलीफ होती है। विपक्ष के नेताओं ने केवल सत्ता का सुख भोगा, परिवारवाद को बढ़ावा दिया और जनता को वादों के जाल में फंसाकर छोड़ दिया। आज जनता जागरूक हो चुकी है और विकास के मुद्दे पर सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है, इसलिए विपक्ष का झूठ और भ्रम नहीं चलेगा।



मुख्यमंत्री शनिवार को जिला जींद के सफीदों में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत की 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 19 करोड़ 31 लाख रुपए लागत की 6 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 30 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सफीदों की यह भूमि खेती-किसानी के साथ संघर्ष और स्वाभिमान की भूमि है। एक समय था, जब यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। सड़कों की हालत खराब थी, रोजगार के लिए कुछ लोगों की चौखट पर बैठे रहना पड़ता था। विकास केवल कागजों तक सीमित था, लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। प्रदेश और देश में जो सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प ने देश को नई ऊर्जा और दिशा दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 'राष्ट्र प्रथम' की नीति पर कार्य करते हुए हर संकट में जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है तथा सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता इस वैश्विक संकट के समय में सस्ती राजनीतिक करके भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं और कई एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। साथ ही, गैस पाइपलाइन विस्तार को बढ़ावा देने के लिए लीज रेंट को 3 लाख रुपये से घटाकर 1 हजार रुपये किया गया है, जिससे लाखों घरों तक पीएनजी कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से पूरा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सफीदों क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। गांव-गांव में पक्की सड़कें, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और युवाओं के लिए पारदर्शी रोजगार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में सफीदों क्षेत्र में 1,594 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के 10 वर्षों में केवल 552 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। प्रदेश में पिछले एक वर्ष में 36 हजार युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई हैं और साढ़े 11 वर्षों में यह संख्या 1 लाख 80 हजार तक पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, किसानों और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत-चिरायु योजना सहित अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। किसानों की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और अब तक लाखों किसानों के खातों में सीधे भुगतान किया गया है। कांग्रेस सरकार तो किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर चली गई थी। इसे वर्तमान सरकार ने वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद जारी किया। बागवानी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के लिए किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में 46 बागवानी फसलें शामिल की गई हैं।

अब तक कुल 157 किसानों को 1 करोड़ 40 लाख 21 हजार रुपये दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग की क्रीमीलेयर सीमा बढ़ाई है और गरीबों के लिए आवास योजनाओं के तहत लाखों घर उपलब्ध करवाए हैं। मुख्यमंत्री ने बजट 2026-27 के प्रमुख निर्णयों का उल्लेख करते हुए बताया कि किसानों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए 'हरियाणा एग्री डिस्कॉम' का गठन किया जाएगा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'लखपति दीदी' योजना और 'पिंक कैब' जैसी योजनाएं प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देंगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री कृष्ण कुमार बेदी और विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# उपायुक्त उत्तम सिंह ने किया मंडी का निरीक्षण, खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

असंध, 3 अप्रैल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने शुक्रवार को असंध अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए।

इसके साथ ही मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालयों के रख-रखाव सहित सभी तरह के प्रबंध सुनिश्चित हो। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सुमित सिहाग और असंध के विधायक योगेन्द्र राणा भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने



बताया कि आज से असंध मंडी में गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार सरकार ने खरीद प्रणाली में बदलाव किए हैं। मंडी के गेट पर बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है और सुरक्षा व पारदर्शिता के लिए एग्जिट गेट पर कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बारदाने की कोई कमी नहीं रहेगी, समय पर मंडी में पहुंच जाएगा। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को सुखाकर व साफ-सुथरा कर मंडी में केवल पंजीकृत नंबर वाले ट्रैक्टरों में ही लेकर आएं, ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई असुविधा ना हो। यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसान ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें संबंधित एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। गेट पर बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए मशीनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और आवश्यकतानुसार मशीनों और काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

इस मौके पर डीएसपी गौरखपाल राणा, नायब तहसीलदार राधेश्याम, मार्किट कमेटी सचिव संजय शर्मा, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन राम अवतार जिंदल, मंडी एसोशिएशन के प्रधान नरेंद्र गर्ग, आढ़ती गुरप्रताप, अंकुर मित्तल, राम निवास जिंदल, सिशन गोयल, जगदीश गर्ग व बंटी सहित खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि, आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

## सीएम सैनी किसान, आढ़ती, मजदूर समेत हर वर्ग के सच्चे हितैषी: मुनीश शर्मा

**कैथल.** भाजपा जिला महामंत्री एवं जिला परिषद के पार्षद मुनीश शर्मा फरल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए कहा कि सीएम किसान, आढ़ती, मजदूर समेत हर वर्ग के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिनसे किसानों, आढ़तियों और मजदूरों के हित सुरक्षित रहें। पत्रकारों से बात करते हुए जिला महामंत्री मुनीश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की फसलों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद रही है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मंडियों में आढ़तियों और मजदूरों के हितों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि कृषि व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद सुचारु रूप से चल रही है। जिला महामंत्री ने कहा कि नायब सरकार की नीतियों के कारण किसानों और आढ़तियों में भरोसा बढ़ा है और वे खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मुनीश शर्मा ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगा। और सभी वर्गों का समग्र उत्थान सुनिश्चित होगा।

## नशा व अपराध के खिलाफ छोटू राम विचार मंच और कैथल पुलिस संयुक्त रूप से चलाएंगे अभियान : ढुल

**कैथल.** पुलिस अधीक्षक आईपीएस मनप्रीत सिंह सूदन के कार्यालय में दीनबंधु सर छोटू राम विचार मंच के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल में शिष्टाचार भेंट की और कैथल में बतौर एसपी कार्यभार ग्रहण करने पर दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने मंच द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न सामाजिक उत्थान के कार्यों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने बताया कि मुख्य रूप से किसान एवं खेतीहर मजदूर के उत्थान, समरसता एवं सद्भावना, नशा एवं अपराध को रोकने, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एवं समग्र ग्रामीण विकास, बच्चों को नशा मुक्ति से लेकर कैरियर गाइडेंस और जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रमों से रूबरू करवाया।मंच द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक उत्थान के कार्यों से प्रभावित पुलिस अधीक्षक ने संस्था की प्रशंसा की और उनके सहयोग से जिले में कैथल पुलिस और छोटू राम विचार मंच द्वारा नशे एवं अपराध के बारे में सेमिनार आयोजित करने की सलाह दी, जिसमें युवाओं को नशे से दूर रहकर उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ाया जा सके और जीवन में सार्थक मूल्य का समावेश हो सके। विचार मंच के शिष्टमंडल ने कहा कि नशा एवं अपराध मनुष्य को निष्क्रिय कर देता है, परिवार पतन की ओर चला जाता है। छोटू राम विचार मंच के शिष्टमंडल ने पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह का स्वागत किया और निर्णय लिया कि भविष्य में मिलकर एक अभियान चलाएंगे।

## अदालत ने गेहूं चोरी के आरोपी को किया बरी

**कैथल.** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी माधव मित्तल ने चोरी के एक मामले में आरोपी को दोष मुक्त करते हुए बरी कर दिया है। इस बारे में जयप्रकाश नामक व्यक्ति ने 26 जून 2021 को थाना शहर कैथल में आईपीसी की धारा 380, 411, 457 के तहत मुकदमा नंबर 345 दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडवोकेट प्रदीप हरित ने की। जानकारी के अनुसार जयप्रकाश वासी पट्टी अफगान कैथल ने थाना शहर में शिकायत दी कि उसका एक मकान गली नंबर 2, पट्टी अफगान कैथल में भी है जिसमें कोई रहता नहीं है। इस मकान में उसका काफी सामान पड़ा हुआ है जिसकी देखभाल के लिए वह अकसर वहां आता जाता रहता है।

## कन्या स्कूल ढांड की पांच छात्राओं ने पास की एनएमएमएस की परीक्षा, होनहार बेटियों को किया सम्मानित

**कैथल.** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड की पांच छात्राओं ने एनएमएमएस की पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिले के 130 छात्रों की सूची में विद्यालय की पांच छात्राओं के नाम आने से विद्यालय में ख़ुशी की लहर है। विद्यालय की पावनी, प्रिया कुमारी, सोमवती, माफ़ी व सृष्टि मौर्या ने यह परीक्षा पास की है। अध्यापक रोशन लाल पंवार ने बताया कि हर साल की भांति छात्राओं ने परीक्षा पास करके विद्यालय का रिकॉर्ड क़ायम रखा। पिछले वर्ष भी इस विद्यालय की चार छात्राओं ने परीक्षा पास की थी। ग्राम पंचायत के सरपंच जसबीर सिंह कसाना, ब्लाक समिति सदस्य बलिया राम पठानिया व संजय गर्ग ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ़ व छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। विद्यालय स्टाफ़ द्वारा इन छात्राओं को प्रार्थना सभा में विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज राजीव कुमार, सुखबीर शर्मा, हकुमत लाम्बा, अनिल कुमार, जगदीश पीटीआई, राजेन्द्र कुमार, गुलाब सिंह, सुदेश देवी, ज्योति रानी, अनिता देवी, रीना सैनी, वीना कुमारी, सुनीता शर्मा तथा मीना देवी उपस्थित रहे। एनएमएमएस भारत सरकार द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा है। इसका उद्देश्य कक्षा 8 के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता 12,000 प्रति वर्ष प्रदान करना है ताकि वे कक्षा 9-12 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और ड्रॉपआउट कम हो। केवल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय विद्यालयों में पढने् वाले कक्षा 8 के छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिनके परिवार की वार्षिक आय 3.5 लाख से कम हो।

## सांसद कुमारी शैलजा ने ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का किया दौरा

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बहन कुमारी शैलजा ने आज सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सभी जिलों में ओलावृष्टि व आंधी से ग्रसित गांवों में खेतों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व अनेक वरिष्ठ नेता साथ रहे। सांसद कुमारी शैलजा ने फतेहाबाद जिले के गांव ढ़णी डुल्ट, भूथन, झलनियां, भिड़ाना, चन्द्रावल, माजरा, सनियाना, चमार खेड़ा, सनियाना इत्यादि अनेक गांवों का दौरा किया तथा प्रभावित फसलों का निरीक्षण करते हुए किसानों से भी बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। सांसद कुमारी शैलजा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द प्रभावित गांवों में खेतों की स्पैशल गिरदावरी करवाई जाए तथा रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द सरकार को भेजी जाए। सांसद से सरकार से भी अपील है कि खराबे की डिटेल अपलोड करने के लिए पोर्टल को जल्द से जल्द खोला जाए, क्योंकि सरकार की नियम है कि 72 घंटे के अंदर अंदर फसल बर्बादी की रिपोर्ट दर्ज करवाना अनिवार्य है। वहीं अभी तक पोर्टल भी नहीं खोले गए हैं। उन्होंने किसानों के पक्ष में सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को कम से कम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा प्रदान किया जाए। सरकार को किसानों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि सिरसा लोकसभा की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव बहन कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। एक तरफ प्राकृतिक आपदा ने किसानों की फसलें तबाह कर दी हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार की लापरवाही और धीमी कार्यप्रणाली ने किसानों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। सांसद ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

**मंडियों में खरीद शुरू, लेकिन किसानों को मिल रही परेशानी, भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप**

# '3 गारंटर जैसी अड़चने लगाकर एक और घोटाला तथा किसानों को कैदी बनाने की तैयारी कर रही बीजेपी सरकार'

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज कहा कि मंडियों में खरीद शुरू तो हुई है लेकिन, किसान को परेशानी के सिवा कुछ नहीं मिल रहा। ट्रैक्टर पर बड़ी नंबर प्लेट, बायोमेट्रिक, गेट पास, 3 गारंटर जैसी ऐसी-ऐसी शर्तें लगाई जा रही है कि किसान किसान परेशान होकर मंडी के बाहर ही फसल बेचकर चला जाए। उन्होंने कहा कि ये एक और घोटाला होने जा रहा है। हर



आदमी के पास टैक्टर तो है नहीं। सरकार द्वारा ऐसी शर्तें लगायी जा रही है कि किसान औने-पौने भाव में फसल बेचने को मजबूर हो रहा है। हरियाणा सरकार किसान को कैदी बनाने की तैयारी कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हम किसान के साथ खड़े हैं और डटकर सरकार का विरोध करेंगे। कल से वो स्वयं और पार्टी के अन्य पदाधिकारी, विधायक अपने-अपने हलकों में पड़ने वाली मंडियों का दौरा शुरु करके जमीनी हकीकत देखेंगे। नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों को एमएसपी मिलता था लेकिन भाजपा सरकार में किसान को कभी पूरा एमएसपी नहीं मिलता। अबकी फसल भी कम हुई है। किसानों को ओलावृष्टि, बारिश से भारी नुकसान हुआ है। सरकार ने न तो स्पेशल गिरदावरी कराई न मुआवजा दिया न ही कोई बोनस देने की बात की। उन्होंने मांग करी कि सरकार को तुरंत गेहूं पर बोनस देना चाहिए और फसल खराबे का मुआवजा देना चाहिए और मंडियों में पूरी तैयारी करनी चाहिए।

उन्होंने माँग करी कि मंडियों में जो अड़चने लगायी गयी है उसे खत्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये गरीब विरोधी, किसान और मजदूर विरोधी सरकार है। एक सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। भारत सरकार का गृह मंत्रालय का भी मानना है कि हरियाणा देश में सबसे असुरक्षित प्रदेश है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डीजल पेट्रोल गैस सिलेंडर के साथ खाद, यूरिया, डीएपी की भी भारी किल्लत होगी। इतना ही नहीं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंडियों में अव्यवस्था की ओर भी सरकार का ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि मंडियों में ना बारदाना है, ना तिरपाल. ना लेबर, ना किसानों के लिये कोई सहूलियत और ना ही अबतक कई जगह ट्रांसपोर्ट के टेंडर हुए हैं। ऐसे में जो फसल आएगी वो मंडियों में ही पड़ी रहेगी और उसका उठान नहीं होगा।

# वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले : माइकल वॉन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र के पहले ही मैच में वैभव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है उसे भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये। वैभव ने जिस प्रकार राजस्थान रॉयल्य की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 15 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया उससे वॉन हैरान हैं। वॉन ने कहा कि वैभव को अब आने वाले समय में इंग्लैड दौरे पर भेजना चाहिये। उनका मानना है कि इस उभरते हुए बल्लेबाज को एकदिवसीय सीरीज के लिए तैयार किया जाना चाहिये। वॉन के अनुसार अगर वैभव इंग्लैंड दौरे के लिए सीमित ओवरों के लिए अंतिम ग्यारह में भी जगह नहीं बना पाते, तो भी उन्हें तीन टी20 मैचों की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। इससे उन्हें सीनियर खिलाड़ियों के साथ रहने और माहौल समझने का अनुभव मिलेगा। वॉन ने कहा, 'वो भारतीय टीम में कब शामिल किया जाता है मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। अगर मैं भारतीय क्रिकेट में होता, तो मैं उसे उस दौरे पर ले जाता। जरूरी नहीं कि वो अभी टीम में खेल रहे खिलाड़ियों की जगह ले पर उसे टीम के माहौल में लाना जरूरी है। उसे टीम के साथ लाओ, अगर एक-दो मैच खेलने का मौका मिले तो शानदार, लेकिन उसे दौरे पर ले जाओ। उन्होंने साथ ही कहा, 'मैं उसे भारतीय टीम के साथ थोड़ा अनुभव दिलाता। जरूरी नहीं कि वो सीधे टीम में शामिल हो पर उसका टीम के साथ रहना अनुभव के हिसाब से अच्छा रहेगा। उसके प्रदर्शन पर किसी को भी संदेह नहीं है।' पिछले एक साल में वैभव ने काफी रन बनाए हैं। सिर्फ आईपीएल ही नहीं अंडर-19 क्रिकेट में भी धमाका किया है। उन्होंने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक लगाये हैं। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन बनाये। इसके अलावा अंडर-19 विश्वकप में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इस बल्लेबाज ने पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल में 35 गेंद में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा दिखायी थी। उसे बाद से ही वैभव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।



# अंडर-20 एशियाई कप फुटबॉल में जापान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**पाथुम थानी (थाईलैंड)** भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी। भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है।

मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। यह पूरे देश के लिए बहुत शानदार होगा।'



इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है। कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा, 'हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।'

एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमने कजाखस्तान में कुछ मैत्री मैच खेले। हम एक महीने के शिविर के लिए स्वीडन भी गए और हमने उज्बेकिस्तान की टीम को भी भारत में आमंत्रित किया था।' उन्होंने कहा, 'तो हमारी तैयारी काफी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हम इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। म्यांमार में हुए क्वालीफायर मुकाबलों के बाद से हमने बहुत ही एकाग्र होकर काम किया है। हमने तकनीकी, रणनीतिक और मानसिक हर तरह से एक टीम के तौर पर काफी सुधार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारी तैयारी ने हमें सबसे अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है।'

प्रतियोगिता के पहले मैच में भारत के सामने दुनिया की सबसे मजबूत टीम में से एक की चुनौती है। अंडर-20 एशियाई कप की रिकॉर्ड छह बार की चैंपियन जापान की टीम इस बार भी प्रबल दावेदार के तौर पर आई है और 2018 में विश्व चैंपियन भी बनी थी। मुख्य कोच अकीरा इजिरी ने अपनी टीम के इरादे साफ किए। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य साफ है। हम ग्रुप चरण से आगे बढ़कर विश्व कप जीतना चाहते हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम अपनी पूरी जान लगा देंगे।'

जापान, ऑस्ट्रेलिया (पांच अप्रैल) और चीनी ताइपे (आठ अप्रैल) के साथ कड़े ग्रुप सी में होने की वजह से भारत का नॉकआउट चरण में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है। तीनों ग्रुप में से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इस टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीम फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बेथ को पीछे छोड़कर जॉर्जिया शीर्ष पर पहुंची

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर परिषद (आईसीसी) की महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। जॉर्जिया वॉल ने अपनी ही साथी खिलाड़ी बेथ मूनी को पीछे छोड़ा है। जॉर्जिया 8 स्थान ऊपर आयी हैं। वहीं भारत की स्मृति मंधाना दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड की अमेलिया केर पहले नंबर पर हैं। वहीं वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज अब दूसरे स्थान पर आ गयी हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में रेणुका सिंह ठाकुर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो शीर्ष पर सादिया इकबाल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर सोफी एक्लेस्टोन हैं। तीसरे पायदान पर दीप्ति शर्मा, चौथे नंबर पर लॉरेन बेल और पांचवें पायदान पर रेणुका सिंह ठाकुर हैं। ॉलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो शीर्ष पर अमेलिया केर हैं। दूसरे पायदान पर हीली मैथ्यूज, तीसरे पर दीप्ति शर्मा, चौथे पर एश्ली गार्डनर और चमारी अट्टापट्टू पांचवें नंबर पर हैं। नई रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईसीसी ने जो लेटेस्ट रैंकिंग जारी की है, उसमें नई नंबर वन बल्लेबाज और नई नंबर वन ऑलराउंडर देखने को मिली है।

# मोटे बल्ले से बल्लेबाजी करते हुए पकड़े गये राहुल तेवतिया



मुल्लापुर। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज राहुल तेवतिया आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उस समय फंस गये जब अंपायर ने मोटे बल्ले का प्रयोग करने के लिए उन्हें पकड़ लिया। अंपायर ने जांच में पाया कि तेवतिया का बल्ला मोटा था। इस प्रकार के बल्ले को वैध नहीं माना जाता है। इसके बाद अंपायर ने तेवतिया को बल्ला बदलने के लिए कहा। तेवतिया ने अंपायर की बात मानते हुए एकदम से बल्ला बदल लिया। आईपीएल में मैच के दौरान कभी भी बल्ले की जांच हो जाती है। अंपायरों के पास एक बैट गेज होता है, जिसकी जांच में अगर बल्ला अगर नहीं निकलता है तो उस बल्ले को बदल दिया जाता है। तेवतिया के मामले में भी ऐसा ही हुआ। वहीं तेवतिया ने कहा कि उनके बल्ले के पीछे स्टीकर लगा हुआ है, जिसकी वजह से बल्ला मोटा नजर आ रहा है पर अंपायरों ने उनकी नहीं सुनी और बल्ला बदलवा दिया। एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेब की मोटाई 67एमएम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए और किनारे 40एमएस से ज्यादा मोटे न हों। मोटे बल्ले के लिए कोई तय सजा नहीं है पर आईपीएल आचारसहिता के हिसाब ने 50 फीसदी तक की मैच फीस काटी जा सकती है।

# श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख जुर्माना



मुल्लापुर (ईएमएस)। आईपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पंजाब टीम की धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्रेयस पर ये जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है कि पंजाब किंग्स ने धीमी ओवर गति के साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इसी कारण पंजाब के कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टीम पंजाब किंग्स टीम अपने घरेलू मैदान में खेले गये इस मैच में टाइटन्स के खिलाफ समय पर आखिरी ओवर को शुरू नहीं कर पाई थी। पहली पेनल्टी तो मैच में ही पंजाब किंग्स पर लग गई थी, जब एक फील्डर को टीम बाहर नहीं रख पाई थी। पांच की जगह चार ही फील्डर बाउंड्री लाइन पर थे। वहीं, अब उन पर स्लो ओवर रेट के लिए फाइन भी लगा है। नियम के अनुसार एक बार टीम इस अपराध के लिए दोषी पाई जाती है तो टीम की मैच फीस भी काटी जाती है कप्तान को दोगुन जुर्माना भरना पड़ता है। इसके अलावा कप्तान पर एक मैच के लिए प्रतिबंध भी लगता है।


# अच्छे प्रदर्शन के बाद भी मुझे टी20 के लिए योग्य नहीं माना जा रहा : शमी

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कहना है कि उन्हें पिछले पांच से छह साल में 130 विकेट लेने के बाद भी टी20 के लिए उपयुक्त नहीं माना जा रहा है। शमी के अनुसार उन्होंने एकदिवसीय में सबसे तेजी से 200 विकेट लिए हैं। टी20 प्रारुप में भी उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है। इसके बाद भी उन्हें टी20 मैचों में अवसर नहीं मिल रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने माना कि आईपीएल के पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था पर इसके पहले के सत्र में उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल था। शमी ने साल 2023 में सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किय था। इसके बाद भी उन्हें टी20 के लायक नहीं माना जा रहा है। इसी को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में उन्होंने 130 के करीब विकेट लिए हैं, फिर भी उन्हें टी20 गेंदबाज नहीं समझा जाता, ऐसे में वह क्या कर सकते हैं।

शमी ने कहा, 'आईपीएल के बाद पिछला रिकॉर्ड देखने पर पता चलता है कि देश कोई भी अन्य गेंदबाज मेरे करीब नहीं पहुंचा है। इसके बाद भी मुझे टी20 का गेंदबाज नहीं कहा जाता है।' इसके बाद उन्होंने कहा कि आईपीएल में पर्पल कैप के बाद भी उनको टी20 का गेंदबाज नहीं माना जाता।शमी पिदले दो से तीन साल से टेस्ट में शामिल नहीं हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने अंतिम बार साल 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम से बाहर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी भारत की तरफ से संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उसके बाद से ही वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इस दौरान घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है हालांकि इसके बाद भी उन्हें एशिया कप और टी20 क्रिकेट विश्व कप में जगह नहीं मिली। शमी का अब 2027 एकदिवसीय विश्वकप में भी खेलना संदिग्ध है।

गौरतलब है कि शमी आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन करते आए हैं पर पिछला सीजन उनके लिए अच्छा नहीं गया था। आईपीएल 2025 में वह सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे लेकिन 9 मैच में सिर्फ 6 विकेट ही ले पाये थे। शमी 2019 से लेकर 2024 तक लगातार आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स की तरफ से 2019 में 19 विकेट, 2020 में 20 विकेट और 2021 में 19 लिए थे। 2022 में शमी गुजरात टाइटंस के साथ चले गए और उन्होंने 20 विकेट झटके। आईपीएल 2023 में उन्होंने 28 विकेट झटके और पर्पल कैप जीता। आईपीएल 2024 में वह नहीं खेले थे और पिछले साल यानी आईपीएल 2025 में वह सिर्फ 6 विकेट ही ले पाए थे। इस बार वह लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम में शामिली हैं। उनके आने से सुपरजायंट्स की गेंदबाजी मजबूत हुई है।





# एक्शन फिल्मों के इस दौर में फैमिली फिल्मों को जिंदा रखना चुनौती है

**अपने सिनेमा के जरिए संस्कार और परिवार का महत्व बताने वाले फिल्मकार सूरज बड़जात्या हाल ही में अपने नए शो संगमरमर के सिलसिले में हमसे रूबरू हुए। यहां उन्होंने पारिवारिक कहानियां बनाने की अपनी लिगेसी, पुष्पा-धुरंधर जैसी ऐक्शन फिल्मों के इस दौर में फैमिली फिल्मों को जिंदा रखने की चुनौती और अपने चहेते दोस्त सलमान खान को लेकर भी बात की।**

**आप आज भी परिवार और संस्कार की बातें करने वाले शोज/फिल्में बना रहे हैं। मगर आपको ये भी कहा जाता होगा कि अब तो पुष्पा और धुरंधर जैसी ऐक्शन फिल्मों का दौर है, इन कहानियों से लोग कैसे रिलेट करेंगे?**

मैं इस बात को सच नहीं मानता क्योंकि एक पुष्पा चल गई पर पुष्पा जैसी कई ऐक्शन फिल्में नहीं भी चली हैं। वो किसी को याद नहीं रहता। मेरा मानना है कि अगर अच्छी चीज को अच्छी तरह से पेश किया जाए तो हर जॉनर चलेगा। आज जो फायर स्टिक है, वो हर किसी के पास है। बेटे के पास भी है, मां के पास भी है, दादी के पास भी है। वो कहां देखेंगी अपनी पसंद की चीजें तो हर चीज के लिए ऑडियंस है।

**आपके शो संगमरमर की कहानी आपकी ही फिल्म एक विवाह ऐसा भी से मिलती-जुलती है, जहां हीरो शादी के बगैर भी हीरोइन की पारिवारिक जिम्मेदारियों में साथ देता है। दोबारा ये कहानी कहना क्यों जरूरी लगा?**

ये एक विवाह ऐसा भी से अलग है। ये आज के दौर में है। इनका सफर अलग है। बाकी कहानियां तो वही सात-आठ होती हैं। वही रिश्ते होते हैं, बस कहने का अंदाज अलग होता है और वक्त के हिसाब से माहौल बदल जाता है। इसमें आज का युग है। आज की परिस्थिति है। जैसे, एक उदाहरण देता हूं कि इसमें जो लड़की है, उसे 48 करोड़ कर्ज चुकाने हैं, जबकि उसे बिजनेस का कुछ पता नहीं है। काम पर कोई उसको सीरियसली लेता नहीं क्योंकि सबको भैया बोलती है। फिर अपने नेचर के विपरीत उसे चिल्लाना पड़ता है वो आज के वर्कप्लेस की मांग है। आपको बताऊं कि जब मैं असिस्टेंट था तो सेट पर हीरोइन, उसकी मम्मी और हेयरड्रेसर सिर्फ तीन औरतें होती थीं। बाकी चूड़ियों से लेकर कंटिन्यूटी तक सब हम खुद करते थे। आज सेट पर इतनी सारी लेडीज होती हैं, लेकिन आज भी मेरी लेडी कोरियोग्राफर या एडिटर बताती हैं कि पुरुषों को ऑर्डर देना कितना मुश्किल है। उन्हें उनके ईगो को मैनेज करना पड़ता है, तब काम होता है तो ये कहानी तो पुरानी होगी नहीं। अलग-अलग तरह से हम हर बार इसका सामना करते हैं।

**आपने मैंने प्यार किया से लेकर हम आपके हैं कौन जैसी इतनी सारी कामयाब फिल्में बनाई हैं। आज के दौर में थिएटर में फिल्में जिस तरह संघर्ष कर रही हैं, मेकर्स कहां गलती कर रहे हैं?**

हमारी गलती यह है कि आज मार्केटिंग पर जोर ज्यादा बढ़ गया है। सबकी नजर बस ओपनिंग डे, वीकेंड कलेक्शन पर रहती है। जबकि, फैमिली ऑडियंस संडे के बाद थिएटर में आना शुरू होती है। उनकी सोच ये होती है कि पहले सुन लो कि फिल्म कैसी है। मैं तब जाऊं जब पार्किंग की टेंशन न हो, ट्रैफिक कम हो। जबकि, हम लोग वीकेंड के बाद इंतजार ही नहीं करना चाहते। वीकेंड तक ही सब कमा लेना चाहते हैं और जब ऐसी सोच हो तो मेकर्स सुरक्षित रास्ता ही अपनाते हैं, लेकिन ये एक दौर है।

**आप फैमिली वाली फिल्में बनाते हैं और आपकी फिल्मों के प्रेम यानी सलमान खान निजी जिंदगी में खुद बड़े फैमिली मैन हैं। आपको लगता है कि आप दोनों की रिश्तों की मजबूती में यह भी एक पहलू रहा?**

सभी चीजें रहीं। जब आप किसी के साथ अपना करियर शुरू करते हैं तो वह रिश्ता ही अलग होता है। हमारी दोस्ती 20-21 की उम्र में शुरू हुई और तब से चल रही है। हममें बहुत सी बातें कॉमन हैं। हम दोनों परिवार के सबसे बड़े बेटे हैं। वह भी समान जिम्मेदारी महसूस करते हैं। हम एक ही वैल्यू सिस्टम में यकीन करते हैं। एक पीढ़ी से हैं तो यह एक साथ स्कूल जाने जैसा है। यह रिश्ता शब्दों से परे है।



# जो कुछ भी हूं, थिएटर के कारण हूं

**नाटकों की पृष्ठभूमि रखने वाले विपुल अमृतलाल शाह को अपनी गुजराती फिल्म दरिया छोरू से तारीफें ही नहीं बल्कि कई अवॉर्ड्स भी मिले। बॉलीवुड में आंखें, नमस्ते लंदन और एक्शन रिप्ले जैसी मनोरंजक फिल्म बनाने वाले विपुल फिर मुद्दे वाली फिल्मों की ओर मुड़ गए। शेफाली शाह जैसी प्रतिभावान पत्नी के पति विपुल इन दिनों चर्चा में हैं, अपने नए वेंचर्स से, जहां वह म्यूजिक ही नहीं बल्कि डिजिटल क्षेत्र में भी कदम रख रहे हैं। उनसे एक बातचीत।**

रंगमंच को अपनी कला का आधार मानने वाले विपुल अमृतलाल शाह कहते हैं, आज मैं जो कुछ भी हूं, थिएटर के कारण ही हूं। यही मेरी जिंदगी की नींव भी रही है। मैंने कॉलेज से लेकर प्रोफेशनल लेवल पर नाटकों की दुनिया में लंबा समय बिताया। नाटकों से ही मैंने शो मस्ट गो ऑन का सबक सीखा। मुझे याद है, मेरा एक नाटक एक्शन रिप्ले का मंचन चल रहा था उन दिनों। यह नाटक मुंबई के चौहान ऑडिटोरियम में होने वाला था। यह वही नाटक है, जिस पर बाद में मैंने एक्शन रिप्ले नामक फिल्म भी बनाई थी। नाटक के रिहर्सल के दौरान मुझ पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब खबर आई कि गुरुवार को मेरे पिता चल बसे। वह कच्छ में थे। मैं उनकी अंत्येष्टि के लिए कच्छ गया और फिर मुझे शनिवार को वापिस मुंबई आना पड़ा, क्योंकि यहां टिकट बिक चुके थे और मुझे एक कलाकार के रूप में शो मस्ट गो ऑन करना था। शो हाउसफुल था और उसे कैंसिल नहीं किया जा सकता था। विडंबना ये थी कि वो कॉमिक नाटक था और मेरे पिता दुनिया से विदा ले चुके थे। उस वक्त मैं कम उम्र भी था, तो पिता के जाने का घाव भी गहरा था। मैं अंदर से रो रहा था, मगर मंच पर लोगों को हंसा रहा था।

## जो आरोप लगाते हैं, मुझे झूठा साबित करें

द केरल स्टोरी और बस्तर - द नक्सल स्टोरी के बाद विपुल पर एजेंडा फिल्में बनाने वाले फिल्मकार का आरोप लगा। इस पर वह सफाई देते हुए कहते हैं, ये कौन लोग हैं? जो मुझ पर इस तरह का इल्जाम लगाते हैं? अगर आपके पास मेरी फिल्म को खारिज करने के सबूत हैं, तो ले आइए। मैं तो आज भी ओपन डिबेट के लिए तैयार हूं। मेरे पास फिल्म को लेकर सारे फैक्ट्स हैं। जो लोग मुझ पर आरोप लगाते हैं, वे मुझे झूठा साबित नहीं कर पाएंगे। मैंने जब केरला स्टोरी की कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि अगर मैंने इस विषय पर फिल्म नहीं बनाई, तो मैं खुद को माफ नहीं कर पाऊंगा। जब मैंने इसके तमाम फैक्ट्स चेक किए, तो में इस फिल्म को बनाने के लिए कटिबद्ध हो गया। यह फिल्म मेरे लिए मिशन की तरह हो गई। और आपने देख ही होगा कि रिलीज के बाद फिल्म को दर्शकों का कितना कमाल का रिस्पांस मिला।

## छह-सात साल तक शेफाली मां के रोल ठुकराती रही

सभी जानते हैं कि जानी-मानी एक्ट्रेस शेफाली शाह उनकी पत्नी हैं। शेफाली के बारे में विपुल कहते हैं, हमारे रिश्ते की सबसे बुनियाद है, भरोसा और आजादी। उन्हें अपने फैसले लेने की पूरी स्वतंत्रता है, चाहे मैं उससे सहमत होऊं या न होऊं। वही हक वो मुझे देती है। अपने जीवनसाथी को अपना करीब दोस्त बनाएं, तो उससे काफी आसानी हो जाती है, जो मैं और शेफाली हैं। जहां तक उनकी एक्टिंग की बात है, तो वह वर्ल्ड क्लास एक्ट्रेस हैं। द दिल्ली क्राइम में उन्हें एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिला। नेशनल और फिल्मफेयर अवॉर्ड तो वो जीत ही चुकी हैं। आप उनका कोई भी काम देखें, डार्लिंग्स, थ्री ऑफ अस या 15 साल पुराना सत्या या वक्त, उन्होंने हर जगह आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस दी है।

## वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, डॉक्यूमेंट्री फिल्में भी बनाना चाहते हैं विपुल

अपने नए प्रोजेक्ट्स के बारे में विपुल कहते हैं, काफी वक्त से मैं सोच रहा था कि मुझे म्यूजिक लेबल बनाना है। हमें लगा कि म्यूजिक के जरिए भारत के आम आदमी तक पहुंचा जा सकता है। हमने शुभारंभ से इसका आगाज भी कर दिया है। इसी के साथ हम डिजिटल कंटेंट जैसे वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, डॉक्यूमेंट्री फिल्में भी बनाना चाहते हैं। इन कंटेंट के जरिए हम आम लोगों से जुड़ना चाहते हैं। इसी सोच के साथ हमने दो वर्टिकल बनाए हैं। लॉन्ग फॉरमेट सीरीज और कंटेंट के दौर में आज अगर लोग माइक्रो ड्रामा की ओर आकर्षित हुए हैं, तो उसका सबसे बड़ा कारण ये है कि आज लोगों के पास वक्त की कमी है। दूसरी बात कोई भी किसी भी समय खाली नहीं बैठना चाहता, न ही उसके पास सब्र है। आज का जो यंगस्टर्स है, वो खाना खाते-खाते भी कुछ कॉन्टेंट देखना चाहता है। ऐसे में वह 40-50 मिनट का एपिसोड तो नहीं देख पाएगा, मगर 2-3 मिनट का एपिसोड जरूर देख सकता है, तो लॉन्ग फॉरमेट कॉन्टेंट के साथ-साथ माइक्रो ड्रामा की भी डिमांड है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com